Live हिन्दुस्तान .com

# हाईवे पर मिनी ट्रक में लदी 666 पेटी शराब पकड़ी

हिन्दुस्तान टीम,गंगापार
Last updated: Tue, 26 May 2020 11:28 PM




सरायइनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत हड़िया-कोखराज नेशनल हाईवे बाईपास पर बगई कला गांव के सामने सोमवार को पुलिस ने एक ट्रक अवैध नकली शराब बरामद किया है। पुलिस ने शराब और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

सरायइनायत इंस्पेक्टर संजय कुमार द्विवेदी व सहसों पुलिस चौकी इंचार्ज आशीष कुमार यादव को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि ट्रक पर अवैध शराब लाद कर ले जाया जा रहा है। वह अपने साथ एसआई संतोष सिंह राठौर, सिपाही उमेश सिंह, साहब सिंह, तेजपाल सिंह व भानु प्रताप सिंह के साथ पहुंचकर हाईवे पर बगई कला गांव के सामने ट्रक की घेराबंदी कर रोक लिया। पुलिस से अपने आप को घिरा हुआ देखकर ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। डीसीएम ट्रक के अंदर 666 पेटी, (31968) शीशी शराब पुलिस ने बरामद कर लिया। इस बड़ी सफलता पर एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज, एसपी गंगापार नरेंद्र कुमार सिंह नरेंद्र कुमार सिंह व सीओ फूलपुर उमेश शर्मा ने पुलिस टीम को बधाई दिया है।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/gangapar/story-666-boxed-liquor-caught-in-a-mini-truck-on-the-highway-3240583.html